बायकास्ट छात्रवृत्ति

1630. **श्री शिव प्रसाद चमपुरिया :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विदेशों में उच्च अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति किन-किन मानदंडों के आधार पर प्रदान की जाती हैं और इन मानदंडों को कब निर्धारित किया गया था ;

(ख) 1990-91 तथा 1991-92 के दौरान किन-किन अध्ययनरत छात्रों को ये छात्रवृत्तियां प्रदान की गई ; और

(ग) उक्त वर्षों के दौरान महानगरों के अलावा पिछड़े हुए क्षेत्रों के किन-किन छात्रों को विदेशों में अध्ययन के लिए बायकास्ट छात्रवृत्ति प्रदान की गई ?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, इलैक्ट्रानिकी विभाग और महासागर विकास विभाग में राज्य मंत्री और (संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री रंगराजन कुमारमंगलम) : (क) ये फलोशिप विदेश में उच्च अध्ययन के लिए नहीं हैं वरन युवा वैज्ञानिकों के लिए हैं ताकि वे सुप्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थाओं के भ्रमण तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी के चुनिंदा अग्रणी क्षेत्रों में नवीनतम उपलब्धियों में योगदान के द्वारा उच्च अनुसंधान को जारी रख सकें ।

फैलोशिप के लिए निमंत्रण प्रतिवर्ष प्रमुख राष्ट्रीय समाचार-पत्रों/वैज्ञानिक पत्रिकाओं/रोजगार समाचार आदि में विज्ञापित किए जाते हैं ।

उम्मीदवारों का चयन विशेषज्ञ समितियों द्वारा किया जाता है जिनमें विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक/इंजीनियर होते हैं । ये मानदंड 1986 में कार्यक्रम के शुरू होने के समय से लागू हैं ।

(ख) विवरण संलग्न है । (नीचे देखिए) ।

(ग) उम्मीदवारों का चयन नगर या प्रदेश के आधार पर नहीं किया जाता है । उम्मीदवारों का चयन उनके अनुसंधान/अनुभव तथा उनकी क्षमताओं के आधार पर किया जाता है ।

विवरण

1990–91 में बायकास्ट छात्रवृत्ति से पुरस्कृत वैज्ञानिकों के नाम

डा० आर० ए० विश्वकर्मा, राष्ट्रीय प्रतिरक्षण संस्थान, नई दिल्ली ।
डा० एच० बी० श्रीवास्तव, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी ।
डा० ए० बाला, सुब्रमण्यम, चिदम्बरम कालेज, तुतीकोरिन ।
डा० वी० पी० सिंह, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी ।
श्रीमती लक्ष्मी परमेश्वरन, स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग अनुसंधान केन्द्र, गाजियाबाद ।
श्री एस० के० सिंह , क्षेत्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला, भुवनेश्वर ।
श्री यू० सी० कोथयारी, रुड़की विश्वविद्यालय, रुड़की ।
श्री सुधाकर दास, भारतीय पैट्रोलियम संस्थान, देहरादून ।
डा० ए० के० मल्होत्री, नाभिकीय विज्ञान केन्द्र, दिल्ली ।
डा० शैलेश जोशी देसाई, भावनगर विश्वविद्यालय, भावनगर ।
डा० एस० एल० धर्मप्रकाश, मैंगलोर विश्वविद्यालय, मैंगलोर ।

डा० जी० डी० शर्मा, जोधपुर विश्वविद्यालय, जोधपुर ।

डा० सी० एस० नारायण मूर्ति, भावनगर विश्वविद्यालय, भावनगर ।

डा० सुमन्त खन्ना, नेशनल इस्टीट्यूट आफ मेंटल हेल्थ, एंड न्यूरोसाईंस, बंगलौर ।

डा० एस० एन० विगुण, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।

सुश्री प्रभा डी० नायर, श्री चित्र तिरूनल इस्टीट्यूट आफ मैडिकल साइंस एंड टैक्नालाजी, त्रिवेन्द्रम ।

डा० वी० के० संजय, पोस्ट ग्रेजुएट इस्टीट्यूट आफ मैडिकल साइंस एजुकेशन, एंड रिसर्च, चंडीगढ़ ।

डा० बी० के० त्रिपाठी, पचंगा कालेज, एजल ।

1991-92 में बायोकास्ट छात्रवृत्ति से पुरस्कृत वैज्ञानिकों के नाम ।

डा० डी० के० पालित, भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र, बम्बई ।

डा० एस० मजुमदार, टाटा इस्टीट्यूट आफ फंडामैन्टल रिसर्च बम्बई ।

डा० परिमल पाल, केंद्रीय नमक एवं समुद्री रसायन अनुसंधान संस्थान, भावनगर ।

डा० (श्रीमती) पी० के० मिश्र, सबलपुर विश्वविद्यालय, सबलपुर ।

डा० एस० एस० पंडा, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बम्बई ।

डा० आर० सरस्वती, रक्षा धातुकर्मीय अनुसंधान प्रयोगशाला, हैदराबाद ।

डा० आर० के० वर्मा, भारतीय प्रौद्योकगीकी संस्थान, कानपुर ।

डा० एस० पी० सिंह, हिन्दु विश्वविद्यालय, वाराणसी ।

डा० एस० के० भारतीय, वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान, देहरादून ।

डा० आर० पी० रेड्डी, भारतीय भूचुम्बकत्व संस्थान, बंबई ।

डा० पी० राम राव, आन्ध्र विश्वविद्यालय, विशाखापत्तनम ।

डा० ए० के मिनोचा, केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान, रुड़की ।

डा० (श्रीमती) वी० सेशु, बाई, हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद ।

डा० एम० आर० अनन्तरामन, कोचीन विश्वविद्यालय, कोचीन ।

डा० जी० एल० आहूजा, रिजनल इंजीनियरिंग कालेज, जयपुर ।

डा० एम० आर० शिनोय, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली ।

डा० सी० आर० श्रीकुमारी, पोस्ट ग्रजुऐट इस्टीट्यूट आफ बैसिक मैडिकल साइंसज, मद्रास ।

डा० एन० प्रदीप कुमार, वैक्टर कट्रोल रिसर्च सेंटर, पोरतल्लाई ।

डा० अनिल खोलसा, आल इंडिया इस्टीट्यूट आफ मैडिकल साइंससेंज, दिल्ली ।

डा० पी० साई बाबा, सेंट्रल फूड टैक्नालाजिकल रिसर्च इस्टीट्यूट, मैसूर ।

डा० ओ० पी० मिश्र, जिवाजी विश्वविद्यालय, जिवाजी ।

डा० एम० बी० प्रसाद, नार्थ इस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी, शिलांग ।